## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और एआई विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी उपायुक्तों को बालू और लॉटरी के अवैध धंधे पर तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश ।
- भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा– फरवरी तक होगा नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव, सकरात्मक विपक्ष की निभाएंगे भूमिका।
- राज्य में कल तक रहेगा फेंगल तूफान का असर, छाये रहेंगे बादल, बुधवार से तापमान में आयेगी गिरावट।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भुवनेश्वर में 59वें अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया।

तीन दिन के इस सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक रैंक के लगभग दो सौ पचास अधिकारियों ने भाग लिया। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी बैठक में शामिल हुए।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बालू और लॉटरी के अवैध धंधे पर उपायुक्तों को तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया पर बोकारो में ट्रैक्टर से बालू की अवैध ढुलाई करती तस्वीर पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया। साथ ही अन्य जिलों के डीसी को भी कार्रवाई करने को कहा है. उधर दुमका में लॉटरी के अवैध धंधे पर भी डीसी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया पर डाली गयी एक खबर के अनुसार दुमका में रातों रात करोड़पति बनने के चक्कर में युवाओं के बर्बाद होने की जानकारी दी गयी है। कहा गया है कि प्रतिबंधित लॉटरी के चक्कर में दुमका के युवा अपनी मेहनत और समय को गवां रहे हैं ।

**********************

भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा है कि फरवरी माह तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश कार्यालय में चुनाव परिणाम की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद श्री वाजपेयी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि पार्टी राज्य में सकरात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा क्षेत्र में ठंड के मौसम में बड़े पैमाने पर खजूर का उत्पादन होता है। जिसकी दूसरे राज्यों में भी बड़ी मांग है।

*********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई के जरिए इस वर्ष अक्टूबर महीने में करीब 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन किये गये हैं। यह एक ही महीने में किए गए सर्वाधिक लेनदेन हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यूपीआई के माध्यम से अक्टूबर में लगभग साढ़े 23 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह की तुलना में 45 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

*********************

राजधानी रांची सहित झारखंड में अगले दो दिनों तक चक्रवाती तूफान फेंगल का असर रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे, लेकिन रात का तापमान बढ़ेगा। इस वजह से ठंड से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन 4 दिसंबर से तापमान में लगातार गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार 15 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद इसमें और गिरावट आएगी। दिसंबर के अंत तक न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना है।

*********************

अंडर 20 राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के चयन को लेकर गुमला की प्रशिक्षु फुटबॉल खिलाड़ी विकसित बाड़ा को ट्रायल के लिए आमन्त्रित किया गया है। विकसित बाड़ा जिला खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण ले रही है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा 9 दिसंबर को बंगलोर में आयोजित चयन प्रक्रिया में देश भर के 38 खिलाड़ियों को बुलाया गया है। चयन के बाद 10 से 17 दिसंबर तक पुनः राष्ट्रीय कैंप आयोजित किया जाएगा जिसके बाद भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी।

*********************

ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप हॉकी के पूल ए में कल भारत ने दक्षिण कोरिया को 8–1 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत सेमी फाइनल्स में पहुंच गया है, कल उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से खेला जाएगा।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार के गठन को लेकर बढ़ी राजनीतिक गहमागहमी और प्रदेश भाजपा की समीक्षा बैठक की खबरों को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।
हिन्दुस्तान ने लिखा है– नए मंत्रिमंडल पर इंडिया गठबंधन के घंटक दलों में मंथन जारी ।

प्रभात खबर के शब्द हैं— आलू मामले में हेमंत ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव ने बंगाल से की बात, कोलकाता में आज आपात बैठक ।

दैनिक जागरण ने लिखा है—बंगाल सीमा पर आलू लदे वाहन रोकने पर सीएम हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – रांची में इस माह शीत लहर चलने की संभावना, 5 डिग्री तक जा सकता है न्यूनतम तापमान ।

महाराष्ट्र में सीएम को लेकर सियासी हलचल की खबरों को अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रमुखता से पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**********************